षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-11 बुधवार, दिनांक-14 मार्च, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.12 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-क-782 उर्जा विभाग में स्थानान्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-ग-818 ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 186 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

"आसन से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जायें एवं निर्धारित समय पर अपनी मांगों को उठायें ।"

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] समितियों के गठन का प्रस्ताव :-

(i) माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री श्रवण कुमार ने "बिहार विधान सभा की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति एवं सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का 01 अप्रील, 2018 से 31 मार्च, 2020 तक के लिए गठन निर्वाचन पद्धति से न होकर मनोनयन पद्धति से हो एवं अध्यक्ष, बिहार विधान सभा उन समितियों के सदस्यों का मनोनयन करें तथा एतद् विषयक नियमों को इस हद तक शिथिल किया जाय" संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो सभा द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री श्रवण कुमार ने प्रस्ताव किया कि "यह सदन बिहार विधान परिषद् से सिफारिश करता है कि वह इस सदन के 01 अप्रील, 2018 से 31 मार्च, 2020 तक के लिए क्रमशः लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति एवं सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सह सदस्यों के लिए बिहार विधान परिषद् से क्रमशः 4, 6 एवं 3 सदस्यों को मनोनीत करने के लिए सहमत हो तथा बिहार विधान परिषद् सदस्यों के नाम इस सदन को सूचित करे" । प्रस्ताव सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[3] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-06 (सहकारिता विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, उद्योग विभाग तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री राणा रणधीर द्वारा सहकारिता विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री भोला यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री जितेन्द्र कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव
(iii) श्री सिद्धार्थ
(iv) श्री शिवचन्द्र राम
(v) श्री जिवेश कुमार
(vi) श्री सीताराम यादव
(vii) श्री लक्ष्मेश्वर राय
(viii) श्री आनन्द शंकर सिंह
(ix) श्री सत्यदेव राम
(x) श्री सैयद अबु दौजाना
(xi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xii) श्री राजेन्द्र कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री राम नारायण मंडल द्वारा अपने विभाग से संबंधित कार्य योजनाओं से सदन को अवगत कराया गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के वक्तव्य के दौरान सी०पी०आई० (एम०एल०) के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तदोपरान्त् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री राणा रणधीर द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री भोला यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा सहकारिता विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[4] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 30 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-15 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-14.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।